न्यूज डायरी

विधानसभा के समीप एक गेस्ट हाउस में तृतीय बटालियन गढ़वाल राइफल के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेते लोग।

याद किए 3-गढ़वाल के गौरवशाली पल

देहरादून। तीसरी बटालियन द गढ़वाल राइफल के स्थापना दिवस पर पूर्व सैनिकों ने विभिन्न युद्धों में बटालियन के शौर्य को याद किया। सोमवार को एक गेस्ट हाउस में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में बताया गया कि बीस अगस्त 1916 को लेफ्टिनेंट कर्नल जेएमटी हॉग ने लैंसडौन में रेजीमेंट की स्थापना की थी। एक महावीर चक्र, 18 वीर चक्र, दो शौर्य चक्र और 19 मेंशन इन डिस्पैच से बटालियन सम्मानित है। बताया गया कि 1948 में जम्मू-कश्मीर में पाक घुसपैठियों को खदेड़ने में बटालियन के लेफ्टिनेंट कर्नल कमान सिंह को महावीर चक्र मिला। यही नहीं, रेजीमेंट 1918 में अफगान युद्ध से लेकर सियाचिन में सैन्य अभियान तक का अहम हिस्सा रही है। उत्तराखंड कांग्रेस पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन बलबीर सिंह बटालियन स्थापना समारोह के संयोजक रहे।

'एक था टाइगर' के शो में हंगामा

देहरादून। राजपुर रोड स्थित न्यू एंपायर सिनेमाघर में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। दरअसल वहां 'एक था टाइगर' फिल्म के दोपहर के शो में अचानक लाइट चली गई। इस पर जनरेटर चालू किया गया, लेकिन वह तुरंत ही खराब हो गया। इससे वहां करीब आधे घंटे तक फिल्म नहीं चली, जिससे गुस्साए दर्शकों ने जमकर हंगामा किया। थोड़ी ही देर में हॉल के अंदर अफरातफरी मच गई। हंगामा बढ़ता देख हॉल मैनेजर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही धारा चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह समझा-बुझाकर फिल्म देखने आए लोगों का गुस्सा शांत कराया। बाद में उनके टिकट के रुपये वापस कर दिए गए।

नेपाली भाषा दिवस मनाया

देहरादून। अखिल भारतीय नेपाली भाषा समिति एवं भारतीय गोरखा परिसंग की ओर से 20 वां नेपाली भाषा मान्यता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा गुरुंग ने की। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि केडीएस खंडका, भगवान सिंह क्षेत्री उपस्थित थे।

चंद्र कुंवर बर्त्वाल के जन्मदिवस पर गोष्ठी

देहरादून। कवि चंद्र कुंवर बर्त्वाल के 93 वें जन्मदिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। चंद्र कुंवर बर्त्वाल शोध संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कवि बर्त्वाल की कविता 'जिन पर मेघों के नयन गिरे, वे सब हुए हरे' का समवेत स्वर में पाठ किया गया। इस मौके पर माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों के ज्ञान वर्द्धन के लिए कवि के जीवन दर्शन पर आधारित पुस्तकें रखने का निर्णय लिया गया।

गोष्ठी में कवि चंद्र कुंवर बर्त्वाल साहित्य पर चर्चा एवं वैश्विक दर्शन पर व्याख्यान हुआ। वीणापाणि जोशी ने कवि के दून के चाय बागानों का वर्णन भूपेन हजारिका की कविताओं से किया। साहित्य प्रेमी समर भंडारी ने कवि के वैश्विक दर्शन एवं जगदीश कुकरेती ने कवि के उपनिवेशवाद पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व आईएएस चंद्र सिंह ने किया। मंच का संचालन मोहन सिंह नेगी ने किया। इस मौके पर विजय राणा, बीएम भट्ट, पूरन बिष्ट, विवेकानंद खंडूरी, सुरेंद्र पुंडीर, मनोज रावत आदि उपस्थित थे।

बेनी बाबू! फायदे नहीं घाटे में हैं किसान

साल भर में बढ़ गई 40 फीसदी कृषि लागत, खर्च भर भी कमाई नहीं

केस नंबर एक

पित्थुवाला निवासी दिनेश चौहान के मुताबिक एक बीघा गेहूं की बुआई में वर्ष 2011 में ढाई हजार रुपये लागत आ रही थी जो लेबर कॉस्ट, डीजल एवं खाद के दामों में बढ़ोत्तरी से 3650 रुपये हो गई है। खेत में हैरो 150 रुपये से बढ़कर तीन सौ रुपये, टीलर सौ से बढ़कर 250 रुपये एवं पुरुष मजदूरी 150 से बढ़कर तीन सौ रुपये हो गई है।

केस नंबर दो

नौगांव उत्तरकाशी बजवाड़ी के जयेंद्र राणा बताते हैं कि एक नाली में टमाटर की खेती पर वर्ष 2011 में 3450 रुपये खर्च आता था। जो बढ़कर 5300 रुपये हो गया है। टमाटर का हाईब्रिड बीज 250 से बढ़कर 550 रुपये पैकेट एवं कीटनाशक दवा की कीमत 700 से बढ़कर 1500 रुपये हो गई है।

केस नंबर तीन

डोईवाला ब्लॉक के नागल ज्वालापुर निवासी किसान मोहन बोरा बताते हैं कि वर्ष 2011 में एक बीघा धान की रोपाई पर मुश्किल से 1500 रुपये खर्च आता था। जबकि अब धान की एक बीघा की रोपाई में दो हजार से अधिक लागत आ रही है। डीजल के दाम बढ़ने से जुताई महंगी हो गई है।

बिशन सिंह बोरा

देहरादून। केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा भले की मंहगाई के कारण किसानों की मौज बता रहे हैं लेकिन असल तस्वीर कुछ और ही है। प्रदेश में बढ़ती महंगाई से किसान बेहाल है। लेबर कॉस्ट और पिछले एक वर्ष में खाद और डीजल की कीमतों में तेजी के कारण कृषि लागत में 35 से 40 फीसदी तक बढ़ोतरी हो गई है। रही-सही कसर बिचौलिए पूरी कर रहे हैं। किसान को मंडी में जिस लौकी के दाम तीन रुपये किलो की दर से मिलते हैं, वहीं लौकी कुछ देर बाद ही खुले बाजार में 20 रुपये किलो बिक ने लगती है। कीट एवं खरपतवार नाशक दवाओं पर किसानों को पिछले वर्ष मिलने वाली सब्सिड़ी को इस वर्ष समाप्त कर दिया गया है। इसने किसानों की और कमर तोड़ दी है। सब्जियों एवं अन्य कृषि उत्पादनों पर भी महंगाई की मार पड़ी है। डीजल के दाम बढ़ने से किसानों को अपना उत्पाद बाजार तक ले जाने में जिनता भाड़ा खर्च करना पड़ रहा है, उतने में उत्पाद की कीमत भी नहीं निकल रही है। किसान अपना दुखड़ा रोते हैं, 'हमारा गन्ना तो 252 रुपये प्रति कुंतल खरीदा गया लेकिन बाजार में चीनी 45 रुपये किलो बिक रही है। खरीदे गए गन्ने का भुगतान भी अब तक लटका हुआ है।'

डीजल एवं रासायनिक दवाओं की कीमतों ने बढ़ाई मुश्किल

	वर्ष 2011	वर्ष 2012
डीजल	32 रु. लीटर	43 रु. लीटर
विटाबलोर 500 मिलीलीटर	110 रुपये	220 रुपये



एक साल में आसमान छूने लगे खाद के दाम

	वर्ष 2011	वर्ष 2012
डीएपी 50 किलोग्राम का कट्टा	572	910
यूरिया 50 किलोग्राम	252	282
एनपीके 50 किलोग्राम	528	823

लेबर कॉस्ट ने तोड़ी कमर

	वर्ष 2011	वर्ष 2012
महिला मजदूरी	100	250
पुरुष मजदूरी	150	300

राजपुर रोड स्थित गांधी पार्क सें स्व. राजीव गांधी के जन्म दिवस के मौके पर रैली निकालते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

दूरदर्शी राजनेता थे राजीव गांधी

मसूरी। शहर कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का भावपूर्ण स्मरण किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

सोमवार सुबह झूलाघर स्थित कांग्रेस भवन में राजीव जयंती पर एक सभा का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने देश को दुनिया के सामने एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। सत्ता के विकेंद्रीकरण की दिशा में पंचायतीराज एक्ट उनकी ही दूरदर्शिता का परिणाम है। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष भगवान सिंह धनाई, महामंत्री सतीश चंद्र ढौंडियाल, मनमोहन सिंह मल्ल, महिला अध्यक्ष गीता कुमाई, भगवती प्रसाद कुकरेती, राम प्रसाद कवि, रमेश भंडारी, नरेंद्र पडियार, पुष्पा पडियार, भरोसी देवी, कमल कैंतुरा, बीरेंद्र रावत आदि मौजूद थे।

जयंती पर पौधारोपण

देहरादून। दिशा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था की ओर से स्व. राजीव गांधी की जयंती पर चकरोता रोड स्थित प्राईमरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिवानी थपलियाल ने पौधारोपण कर स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन सुशील विरमानी ने किया। इस मौके पर प्रभात डंडरियाल, अनुज आदि थे।

राजीव गांधी का भावपूर्ण स्मरण

पूर्व प्रधानमंत्री की 68वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने किए कई कार्यक्रम

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 68 वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने उनको श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनको देश में संचार क्रांति का जनक बताया।

सोमवार को कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि स्व. गांधी की दूरदर्शिता के परिणामस्वरूप आज देश सूचना क्रांति में विश्व का सिरमौर है। उन्होंने नई तकनीकों के बल पर देश को दुनिया की महाशक्ति बनाने का सपना देखा था। गोष्ठी में प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, पूर्व मंत्री रामप्रसाद टमटा, सहकारी संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, विनोद चंदोला, पार्षद बीना बिष्ट, सुमेर चंद रवि आदि मौजूद थे। महानगर कांग्रेस कमेटी की तरफ से भी कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष दीप वोहरा, सुरेंद्र नागपाल, ममता गुरुंग, दीपा चौहान आदि मौजूद थे। विधायक राजकुमार के न्यू रोड स्थित कार्यालय में हुई विचार गोष्ठी में स्व. गांधी के योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर एमएल बहुगुणा, डा. विजेंद्रपाल सिंह, विनय कोहली, अजय सोनकर आदि मौजूद थे। पूर्व एफआरआई स्थित अनंत वन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने कंप्यूटर शिक्षा को पूरे देश में घर-घर तक पहुंचाने का सपना देखा था। राष्ट्रीय एकता परिषद उत्तरांचल की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्री गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर राकेश भंडारी, ललित मोहन शर्मा आदि मौजूद थे। राष्ट्रीय राजीव सेना की तरफ से हिंदी भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष और हरियाणा में राज्यमंत्री चंदर शर्मा ने उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुशील राठी, विकास चौहान आदि मौजूद थे। कांग्रेसियों ने शाम को मशाल जुलूस भी निकाला। इंडियन फेडरेशन ऑफ स्माल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स-प्रेस काउंसिल अधिसूचित संगठन की उत्तराखंड इकाई ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी आदि मौजूद थे।

राजपुर रोड स्थित कांग्रेस भवन में स्व. राजीव गांधी के जन्म दिवस के मौके पर श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

जगह-जगह अर्पित किए गए श्रद्धासुमन

संविदा प्रवक्ताओं ने मांगा सेवा विस्तार

राजकीय पॉलीटेक्निक में वर्षों से कर रहे हैं काम

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। राजकीय पॉलीटेक्निक में वर्षों से संविदा प्रवक्ता के रूप में सेवाएं दे रहे शिक्षकों ने सेवा विस्तार और रिक्त पदों पर समायोजन की मांग की है। इस संबंध में शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी और सीएम विजय बहुगुणा से भी मुलाकात कर ज्ञापन दिया।

उत्तराखंड पॉलीटेक्निक संविदा संघ के पूर्व अध्यक्ष एसएन टोडरिया और पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सैलानी के अनुसार, दूर दराज दुर्गम क्षेत्रों में स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक कालेजों में 50 फीसदी के करीब संविदा शिक्षक काम कर रहे हैं। 26 जुलाई से सत्र शुरू हो चुका है और अब अगस्त बीतने तक भी इन शिक्षकों को सेवा विस्तार न देने से छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। संविदा प्रवक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार ने राजकीय पॉलीटेक्निक में रिक्त प्रवक्ताओं के पदों में संविदा प्रवक्ताओं को छूट नहीं दी है। संविदा प्रवक्ताओं का तदर्थीकरण किया जाना चाहिए, क्योंकि वह वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अब यदि उन्हें भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होना पड़ा तो आयु सीमा निकलने और आज के युवाओं के मुकाबले कम अंक होने के कारण वे प्रतियोगिता में पिछड़ जाएंगे।

महिला से छेड़छाड़, पति और बच्चों को भी पीटा

देहरादून। सहस्रधारा रोप-वे पर कुछ स्थानीय युवकों ने दिल्ली से आई महिला पर्यटक से छेड़छाड़ कर दी। यही नहीं विरोध करने पर उसके पति, बच्चों और एक अन्य पर्यटक को युवकों ने जमकर पीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। राजपुर पुलिस के अनुसार दिल्ली निवासी राजेश सोनी रविवार को पत्नी और दो बच्चों के साथ सहस्रधारा घूमने आए थे। शाम को करीब पांच बजे रोप-वे से ऊपर जाकर वे अन्य पर्यटकों के साथ डीजे पर डांस करने लगे। इसी बीच कुछ स्थानीय युवकों ने उनकी पत्नी से छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने पर युवकों ने राजेश और उनके दोनों बच्चों की पिटाई कर दी। बीच बचाव करने आए एक अन्य पर्यटक की भी पिटाई कर दी। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की तलाश की। देर रात मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने एक नामजद आरोपी गोकुल चमोली को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पवन और अन्य लोग फरार हैं।

भंडारी बने अध्यक्ष

देहरादून। डालनवाला वेलफेयर सोसाइटी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें डाक्टर महेश भंडारी अध्यक्ष और अनिल जग्गी सचिव बनाए गए। अन्य पदाधिकारियों में डाक्टर डीपी जुयाल उपाध्यक्ष, रश्मि वाधवा संयुक्त सचिव, कपिल सेठी कोषाध्यक्ष। वहीं एअर कॉमोडोर (सेवानिवृत्त) अविनाश गोस्वामी, अशोक वासु और ले. कर्नल (सेवानिवृत्त) एके सरीन अधिशासी सदस्य चुने गए।

पत्रकार व रिटायर्ड फौजी के घर से लाखों की चोरी

देहरादून। राजधानी में बारिश की तरह चारियां भी थमने का नाम नहीं ले रहीं। सोमवार को थाना राजपुर तथा नेहरूकालोनी क्षेत्र में दो बंद मकानों से चोरों ने धावा बोला।

कैनाल रोड जाखन निवासी दिल्ली के पत्रकार एफआई मलिक काम के सिलसिले में दिल्ली रहते हैं। सोमवार सुबह पास में ही रहने वाले उनके साले ने उनके मकान की ऊपरी मंजिल का दरवाजा खुला देखा। वे अंदर गए तो वहां सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर पर पड़ी सीढ़ी के जरिए ऊपरी मंजिल पर गए और वहां खिड़की का शीशा तोड़कर चोरी की। पुलिस के अनुसार चोर वहां से कुछ कपड़े व अन्य सामान ही ले जा पाए। जबकि जेवर बच गए। नेहरूकालोनी पुलिस के अनुसार मोथरोंवाला निवासी रिटायर्ड फौजी गुलाबसिंह के घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर चोरों ने लाखों का माल साफ किया। उनकी बहू की कुछ दिन पहले ही डिलीवरी हुई थी। शाम करीब सात बजे वापस लौटे तो घर के पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था। अंदर से लाखों के जेवर और नगदी चोरी थी।

कचहरी परिसर में चोरी

कचहरी परिसर में भी कुछ निर्माणाधीन चेंबरों से सामान चोरी कर लिया गया। दोपहर में चोरी का पता चलते ही धारा चौकी इंचार्ज पीडी भट्ट वहां पहुंचे और चोरों की तलाश की। उन्होंने वहां से चोरी करने के आरोप में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया आरोपी कबाड़ी है और सुनसान देखकर उसने वहां से लोहे का सामान चोरी कर लिया था।

वाहनों में काले शीशों पर पुलिस की नजर

देहरादून। एक जनवरी से अब तक काले शीशे लगे 754 वाहनों के पुलिस ने चालान काटे हैं। इससे पहले जनवरी में डीआईजी संजय गुंज्याल के निर्देश पर एमवी एक्ट के तहत काले शीशे वाले वाहनों के चालान काटने का अभियान शुरू किया गया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अभियान को और तेज कर दिया गया। इन आठ माह के दौरान यातायात और सिविल पुलिस ने कुल मिलाकर 754 वाहनों के चालान काटे। वहीं पिछले तीन दिनों में पुलिस ने 300 से ज्यादा काले शीशे लगे वाहनों के चालान काटे। अपराधों में लगातार काले शीशे लगे वाहनों के शामिल पाए जाने के बाद पुलिस इस अभियान को गंभीरता से ले रही है। सोमवार को डीआईजी गुंज्याल ने चालानों की समीक्षा करते हुए इस अभियान को और व्यापक करने के निर्देश दिए।

बिपिन त्रिपाठी कुमायूं प्रौद्योगिकी संस्थान
(उत्तराखण्ड सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान)
द्वाराहाट-263653, जनपद-अल्मोड़ा (उत्तराखण्ड)
दूरभाष : 05966-244250 (कार्या.), फैक्स : 244114, वेबसाइट : www.kecua.ac.in

काउन्सिलिंग / प्रवेश सूचना - दिनांक 28-29 अगस्त, 2012

बी.टेक. - पाठ्यक्रम की द्वितीय काउन्सिलिंग तथा बी.टेक. (लेटरल इन्ट्री) एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रमों की प्रथम काउन्सिलिंग के उपरान्त रिक्त सीटों में प्रवेश दिया जाना है, जिनका विवरण निम्नवत् है :-

बी.टेक. - 15 सा. (अन्य स्टेट), 01 सा. (अन्य स्टेट-पी.एच.), 04 अ.जा. (अन्य स्टेट), 01 अ.ज.जा. (अन्य स्टेट), 30 सा., 06 सा.-पी.एच., 02 सा.-ए.एफ., 03 सा.-एफ.एफ., 06 सा.-म. 10 अ.जा., 01 अ.जा.-पी.एच., 01 अ.जा.-ए.एफ., 08 अ.जा.-म., 04 अ.ज.जा., 01 अ.ज.जा.-ए.एफ., 05 अ.पि.व., 03 अ.पि.व.-पी.एच., 01 अ.पि.व.-एफ.एफ., 01 अ.पि.व.-म., 06 क.मा., 02 टी.एफ.डब्ल्यू.; **बी.टेक. (लेटरल इन्ट्री)** - 09 सामान्य, 04 सामान्य-म., 01 सा.-ए.एफ., 02 अ.जा., 02 अ.जा.-म., 01 अ.जा.-(ए.एफ.), 01 अ.ज.जा., 01 अ.ज.जा.-म., 03 अ.पि.व., 02 अ.पि.व..-म.; **एम.सी.ए.** - 03 सा., 02 सा.-म., 02 अ.पि.व.-म., 03 अ.जा., 03 अ.जा. (म.), 01 अ.जा.-ए.एफ., 01 अ.ज.जा., 01 अ.ज.जा.-(म.), 01 अ.जा.-अन्य स्टेट)

सीटें उत्तराखण्ड सरकार के मानदण्डों के अनुसार भरी जायेंगी। बी.टेक. पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश ए.आई.ई.ई.ई.-2012 तथा एम.सी.ए. एवं लेटरल इन्ट्री पाठ्यक्रम हेतु यू.के.एस.ई.ई.-2012 की योग्यता / वरीयता श्रेणी के क्रम में तथा पात्रता मानदण्ड के आधार पर होंगे। छात्रों के द्वारा सम्बन्धित ब्रांच में प्रवेश निरस्त करा लिये जाने की स्थिति में सीटों की संख्या बढ़ सकती है।

इच्छुक अभ्यर्थी **मंगलवार, अगस्त 28, 2012** को प्रातः 9.00 से अपरान्ह 5.00 के मध्य संस्थान में पंजीयन हेतु रिपोर्ट करें तथा इस प्रयोजनार्थ आवश्यक अभिलेखों को संस्थान में जमा करना सुनिश्चित करें। उम्मीदवार अपने साथ दसवीं से आरम्भ सभी मूल अभिलेखों के साथ अधिवास प्रमाणपत्र, केटेगरी / उप-केटेगरी प्रमाणपत्र, ए.आई.ई.ई.ई-2012, यू.के.एस.ई.ई.-2012 रैंक कार्ड सहित चार अद्यतन रंगीन पासपोर्ट-साइज फोटोग्राफ को मूल रुप में तथा दो सैट अभिलेखों की सत्यापित छाया प्रतियां लायें।

वरीयताक्रम के अनुसार पात्र पाये गए अभ्यर्थीयों की काउन्सिलिंग **बुधवार, अगस्त 29, 2012 प्रातः 10.00** बजे प्रारम्भ होगी। तदुपरान्त चयनित अभ्यर्थियों को उसी दिन सायं 5.00 बजे तक शुल्कादि जमा कर प्रवेश लेना अनिवार्य होगा, अन्यथा की दशा में उम्मीदवार का अभ्यर्थन स्वतः समाप्त हो जायेगा एवं वरीयताक्रम में अगले पात्र अभ्यर्थी को सीट आबंटित कर दी जायेगी।

देय शुल्क का विवरण

क्र.सं.	विवरण	शुल्क राशि (रु.)	अभ्युक्ति
(अ)	**काउन्सिलिंग प्रोसेसिंग शुल्क (नॉन-रिफण्डेबल)** (काउन्सिलिंग में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों द्वारा देय)	₹1000.00	डिमांड ड्राफ्ट **निदेशक, बीटीकेआईटी** के पक्ष में एवं भारतीय स्टेट बैंक, के.ई.सी.-द्वाराहाट शाखा (कोडः 10584) पर देय होगा।
(ब)	**प्रवेश / दाखिले के उपरान्त देय शुल्क** (मात्र चयनित अभ्यर्थियों द्वारा देय)		
	1- **संस्थान शुल्क (वार्षिक)**	₹49000.00 (एम.सी.ए. के लिए) ₹43000.00 (बी.टेक. के लिए)	
	2- **मैस अग्रिम शुल्क (सेमेस्टर)**	₹10000.00	

विभाग एवं केटेगरीवार रिक्त सीटों तथा अधिक विवरण हेतु संस्थान की वेबसाइट www.kecua.ac.in देखें।

(डा. डी.एस. पुण्ढीर) निदेशक

BHARAT HEAVY ELECTRICALS LIMITED
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
वाणिज्य विभाग, हीप, बीएचईएल, रानीपुर, हरिद्वार
फोन: 01334-285281, फैक्स: 01334-226770,
ई-मेल: asaxena@bhelhwr.co.in

सार्वजनिक सूचना

विषय: रोड परमिट गुम हो जाने के संदर्भ में

बीएचईएल, हरिद्वार को M/s RRVUNL द्वारा जारी निम्न रोड परमिट गुम हो गये हैं।

रोड परमिट (वैट-65) संख्या	जारी करने की तिथि
7215876 एवं 7215877	15-02-2010

उपरोक्त फार्म बीएचईएल कार्यालय से कहीं गुम हो गये है एवं मिल नहीं रहे हैं। यदि कोई व्यक्ति इनका दुरुपयोग करता है तो वह स्वयं इसका जिम्मेदार होगा। **वरि. अभियंता (वाणिज्य)**

HIT Himalayan Institute of Technology, Dehradun
15 Years of Excellence
Approved by Government of Uttarakhand & Affiliated to H.N.B.Garhwal Central University.

An ISO 9001-2000 Certified Organisation. **Himalayan Institute of Technology,** has emerged as one of the best institutes in this region. The institute has been rated as No-1, by professional group in Mar. 2012.

Direct Admission - 2012
B.Sc.(IT) | B.B.A | B.C.A
B.B.A - Hotel Management | M.Sc.(IT)

Achievers : Students who have secured Top positions in this year's University Examinations are



Amandeepika BCA - 88% | Deepika Dhiman BSc(I.T) - 93% | Bhuwan Paudel BBA(HM) - 84% | Hilal Ahmad M.Sc(IT)- 96% | Nirmal Kumar BBA - 80%

100% Placement Assist. & Training Leads you to world class organizations
HDFC, COCA COLA, WIPRO, GODREJ, HP, SAMSUNG, HOTEL TAJ PALACE, HOTEL OBEROI, VODA PHONE, TCS, AIRTEL, JET AIRWAYS, INFOSYS, TATA, ONGC, LG, SONY, HONDA, TELCO, ICICI, MARUTI, HCL, BAJAJ, SBI, INDIAN RAILWAYS, HDFC, ...& many more.

For Admission Contact :- HIT, Nehru Colony, Near Central Excise Office, Haridwar Road, D.Dun. Ph.- 2672525, 2672522, 9760807949.

SHARDA UNIVERSITY
Beyond Boundaries
SGI 17 Years of Excellence
₹25 CRORE SCHOLARSHIP BENEFITS

Global in values, Global in outlook, **Sharda University** provides its students a vibrant network of intellect and talent coming from more than **32 countries** and **27 Indian States.**

Last Date of Admission **27th AUGUST, 2012**
SUBJECT TO AVAILABILITY OF SEATS

100+ Courses Offered

• B.Tech.	• BA-LLB	• B.Sc-MLT
• M.Tech.	• BBA-LLB	• DMLT
• BCA	• B.Com-LLB	• DOTT
• MCA	• BJMC	• GNM
• BS-MS	• MJMC	• B.Sc Nursing
• BBA	• B.Arch.	• Languages
• MBA	• B.Design	
• B.Com (Prof.)	• BPT	

Lateral Entry & Credit Transfers available from recognized Institutions of India & Abroad

Apply online: **www.sharda.ac.in**
or call: **1-800-102-6999** (Timings: 8am - 8pm)
SUNDAY ALSO OPEN FOR COUNSELLING

Campus: Plot No. 32, 34, Knowledge Park-III, Greater Noida 201306
Ph.: 0120-3121001/2 • **Email:** admission@sharda.ac.in • SMS SHARDA to: 56767